Title : Need to open the entire Ramnivas Bagh Museum in Jaipur for tourists.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : सभापति महोदय, मेरा बहुत छोटा-सा अनुरोध है और वह यह है कि जयपुर शहर में केन्द्रीय पुरातत्व विभाग का रामनिवास बाग में विश्व प्रसिद्ध एक संग्रहालय है। जिसे देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। संग्रहालय में प्रवेश के लिए टिकट भी दिया जाता है। लेकिन कई वर्षों से इस संग्रहालय के आधे भाग को मरम्मत के नाम पर बंद किया हुआ है। जिसके कारण पर्यटकों को घोर निराशा होती है और उनके मन में जो भाव है कि वहां पर अनमोल और अनोखी वस्तुएं देखने को मिलती हैं, उन चीजों को देखने से उन्हें वंचित रहना पड़ता है। वहां पर अनमोल धातुएं हैं, जिन्हें देखने के लिए पर्यटक दूर-दूर से आते हैं। यदि उसको बंद कर दिया गया तो वहां पर्यटक आने बंद हो जाएंगे। चूंकि पुरातत्व विभाग केन्द्र सरकार के अधीन है, इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि संग्रहालय के जिस भाग को बंद किया हुआ है, उसे तुरन्त खोला जाए।

मैं सदैव आपकी आज्ञा का पालन करता हूं इसलिए मुझे हमेशा बोलने का अवसर प्रदान करें। धन्यवाद।